मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक :** छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 ■ अंक - 21 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 13 फरवरी से 19 फरवरी 2023 ■ पृष्ठ : 8 ■ कीमत : 3 /- रुपये

## नबाब मलिक के दामाद को दुबई जाने की नहीं मिली इजाजत

### विशेष NDPS अदालत ने याचिका की खारिज...

**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक के दामाद समीर खान को विशेष एनडीपीएस अदालत ने दुबई जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। समीर खान ने काम के सिलसिले में इस महीने दुबई जाने की याचिका दायर की थी। अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। विशेष अदालत ने समीर खान की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए उचित आशंका है कि अगर उसे विदेश जाने की अनुमति दी गई, तो वह फरार हो सकता है या



पहुंच से बाहर हो सकता है। ऐसे में मुकदमे के समय उसकी उपस्थिति को सुरक्षित करना मुश्किल होगा।

**समीर खान की याचिका का विरोध**

समीर खान ने अदालत को बताया कि वह लीग के सुपर स्टार के संस्थापक हैं। भारत में मशहूर हस्तियों के साथ कार्यक्रम आयोजित करते हैं। उनका दुबई में इसी से संबंधित कार्यक्रम है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के लिए विशेष लोक अभियोजक अमित मुंडे ने समीर की याचिका का विरोध किया और कहा कि यह दिखाने के लिए कोई विश्वसनीय दस्तावेज नहीं है।

**ड्रग्स की तस्करी में शामिल होने का आरोप**

एनसीबी ने जुलाई 2021 में समीर खान को यह आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया था। उन पर ब्रिटिश नागरिक करण सेजनानी के साथ मादक पदार्थों (ड्रग्स) की तस्करी में शामिल होने का आरोप है। उन्हें सितंबर 2021 में जमानत मिल गई थी।

## 15 वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

### पुलिस ने LIC एजेंट बनकर किया अरेस्ट

**मुंबई :** आर.ए.के मार्ग पुलिस ने 38 वर्षीय भगोड़े आरोपी को फिल्मी स्टाइल में 15 साल के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रवीण आशुभा जडेजा उर्फ प्रविणसिंह उर्फ प्रदीप सिंह आशुभा जडेजा के रूप में की है। दिलचस्प बात यह है कि पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी उसके मुंह में लगे दो सोने के दांत से की हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पर धोखधड़ी और पुलिस को गुमराह करने का मामला दर्ज था, यह अदालत में पेश होने के बाद से फरार था और पुलिस इसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी।



आर.ए.के मार्ग पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक (अपराध) लीलाधर पाटिल ने बताया कि सहायक पुलिस निरीक्षक महेश लमखाड़े और उनकी टीम ने यह गिरफ्तारी की है। उन्होंने बताया कि प्रवीण 2007 में एक सेल्समैन के रूप में कपड़े की दुकान में काम करता था। इसके मालिक ने इसे 40 हजार रुपए दूसरे व्यापारी को देने के लिए कहा था। इसने वो पैसा अपने पास छुपाकर, पुलिस और मालिक को गुमराह किया था कि किसी ने उसके पैसे से भरा बैग शौचालय में चुरा लिया है। जांच में हकीकत सामने आई थी और प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया गया था।

**जमानत के बाद से ही था फरार**

अदालत से जमानत मिलने के बाद से यह फरार हो गया था, मुखबिर और इसके दो सोने के दांत से इसकी पहचान की गई और पुलिस ने एलआईसी एजेंट बनकर इसमें मुंबई बुलाया और गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है।

## प्रधान संपादक श्री छोटेलाल शर्मा की विधायक श्री राम कदम से सम्मति मुलाकात





**प्रतिनिधि मुंबई**

25 दिसंबर 2022 को हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के नए वर्ष के कैलेंडर विमोचन के सम्मानित अतिथि विधायक श्री राम कदम नागपुर शीतकालीन अधिवेशन में व्यस्तता के कारण विमोचन में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज करा पाए जिसे उन्होंने अपने संदेश के द्वारा खेद प्रकट किया था।

9 फरवरी को संयोग था वार्ड क्रमांक 129 के नगरसेवक श्री सूर्यकांत गवली के साथ हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर के प्रधान संपादक श्री छोटेलाल शर्मा जी ने औपचारिक मुलाकात कर श्री कदम को एक स्मृति चिन्ह भेंट किया।

मुलाकात के दौरान भाजपा विधायक श्री कदम ने शर्मा जी को अपनी एक अनूठी पहल के बारे में भी विस्तार से चर्चा की और बताया कि हजारों श्रद्धालुओं को काशी विश्वनाथ के दर्शन करा कर सराहनीय पहल की जिसकी सभी ने स्तुति की।

## नाना पटोले को नहीं हटाया तो महाराष्ट्र का भी हाल पंजाब कांग्रेस जैसा होगा–आशीष देशमुख

**मुंबई :** महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष पद से अगर नाना पटोले को नहीं हटाया गया तो महाराष्ट्र कांग्रेस का भी हाल पंजाब कांग्रेस जैसा होगा। पार्टी खेमों में नहीं बंटे इसलिए इसलिए हमने नाना पटोले के खिलाफ आवाज उठाई है। यह कहना है कांग्रेस विधायक आशीष देशमुख का। वे नाना पटोले का विरोध कर रहे हैं तो वहीं बाला साहेब थोराट के समर्थन में खड़े हैं। उन्होंने कहा, ह्यआलाकमान को नाना पटोले को अध्यक्ष पद से हटाना चाहिए या इस्तीफा लेना चाहिए। साथ ही किसी भी हाल



में बालासाहेब थोराट का कांग्रेस विधायक दल नेता पद से इस्तीफा नामंजूर करना चाहिए।ह्व देशमुख ने कहा कि आनेवाले समय में लोकसभा चुनाव,10 महानगरपालिका और दूसरे छोटे चुनाव महाराष्ट्र में होनेवाले है। ऐसे में बालासाहेब थोराट जैसे अनुभवी नेता की हमें सख्त जरूरत है। देशमुख ने कहा कि नाना पटोले 4 साल पहले बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए और आते ही पार्टी में उन्हें एक के बाद एक बड़े पद मिलते ही चले गए। जबकि महाराष्ट्र में दूसरे बड़े नेता भी हैं, लेकिन उन्हें नजरंदाज किया गया। आशीष देखमुख ने कहा कि नाना पटोले से विदर्भ के कई बड़े नेता नाराज हैं।



एड. अनिल शर्मा के बांद्रा कार्यालय पर सम्मान चिन्ह व शाल देकर सम्मान करते हुए कदम कदम पर के संपादक छोटेलाल शर्मा.



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# पुरानी पेंशन का वादा

त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करते हुए कांग्रेस ने अन्य लोक लुभावन वादे करते हुए जिस तरह पुरानी पेंशन योजना लागू करने का भी वादा किया, उससे यह स्पष्ट है कि वह इसी मुद्दे पर चुनाव जीतने का सपना देख रही है। पता नहीं उसका यह सपना पूरा हो पाएगा या नहीं, लेकिन यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि वह इस नतीजे पर पहुंच गई है कि हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना का वादा उसकी जीत में सहायक बना। चूंकि कांग्रेस शासित राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी पुरानी पेंशन योजना लागू करने का वादा कर दिया गया है, इसलिए हैरानी नहीं कि अन्य राज्यों में भी कांग्रेस पुरानी पेंशन योजना की वापसी के वादे के साथ चुनाव लड़े। कांग्रेस की तरह अन्य विपक्षी दल भी पुरानी पेंशन योजना को अपनाते दिख रहे हैं। इनमें आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी प्रमुख हैं। हालांकि रिजर्व बैंक के साथ अनेक अर्थशास्त्रियों और यहां तक कि कांग्रेस के समय योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे मोंटेक सिंह अहलूवालिया यह कह चुके हैं कि पुरानी पेंशन योजना लागू करने का फैसला बेतुका है और यह वित्तीय दिवालिएपन का कारण बनेगा, लेकिन अन्य दलों की कौन कहे, स्वयं कांग्रेस भी उन्हें सुनने को तैयार नहीं है।

जब यह स्पष्ट है कि पुरानी पेंशन योजना वित्तीय आपदा का कारण बनेगी, तब यह समझना कठिन है कि कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दल उसकी वकालत क्यों रहे हैं? वित्तीय नियमों की ऐसी खुली अनदेखी आत्मघात के अलावा और कुछ नहीं। राजनीतिक दल इससे अपरिचित नहीं हो सकते कि वित्तीय नियमों की अनदेखी करना अर्थव्यवस्था के साथ भावी पीढ़ी को अंधकार में धकेलना है, लेकिन वे संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए जानबूझकर जोखिम मोल ले रहे हैं। विडंबना यह है कि यह काम केंद्र सरकार की ओर से यह स्पष्ट किए जाने के बाद भी किया जा रहा है कि वह पुरानी पेंशन योजना लागू करने वाले राज्यों को वित्तीय सहयोग देने में सक्षम नहीं होगी और उन्हें उससे ऐसी कोई अपेक्षा भी नहीं रखनी चाहिए। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती है कि जिन राज्यों ने पुरानी पेंशन योजना वापस लाने की घोषणा कर दी है, उन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि उसे जमीन पर उतारने के लिए आगे कैसे बढ़ें? इस कठिनाई के बाद भी आशंका यही है कि आने वाले दिनों में अन्य राज्य सरकारें वोट बैंक बनाने या फिर चुनाव जीतने के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की घोषणा कर सकती हैं। इसे देखते हुए केंद्र सरकार को इस पर विचार करना चाहिए कि नई पेंशन योजना को आकर्षक कैसे बनाया जाए? नि:संदेह पुरानी पेंशन योजना वित्तीय रूप से सरकारी खजाने पर बोझ है, लेकिन यह भी सही है कि नई पेंशन योजना को उपयोगी बनाने की आवश्यकता है।

# तेलुगु विश्वकर्मा समाज ने दिल्ली में आयोजित 'राष्ट्रीय कारीगर संगोष्ठी' में भाग लिया। नक्काशी का काम kG 20' जांगड़ा जी को किया भेंट, माननीय प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ।

**अजय शास्त्री**

बीसीआर न्यूज/नई दिल्ली: दिल्ली में आयोजित 'राष्ट्रीय कारीगर संगोष्ठी' में भाग लेने के बाद अब लकड़ी पर नक्काशी करने वाले कारीगर श्री आदिमूलम ईश्वर चारी एक लकड़ी की नक्काशी का काम 'G 20' हमारे माननीय प्रधानमंत्री को पेश करना चाहते हैं

आपको बता दें कि दिल्ली में आयोजित 'राष्ट्रीय कारीगर संगोष्ठी' में तेलुगु विश्वकर्मा प्रतिनिधियों ने भाग और यह संदेश दिया।

'राष्ट्रीय कारीगर संगोष्ठी' में चारी अतिथि श्री रामचंद्र जांगड़ा सांसद को अपनी हस्तकला सौंपी। माननीय श्री रामचंद्र जांगड़ा (सांसद, राज्य सभा) ने ग्रामीण कारीगर की इच्छा को पूरा किया।




माननीय जांगड़ा ने विश्वकर्मा समाज के लिए प्रधानमंत्री द्वारा घोषित ऐतिहासिक घोषणाओं को भी पब्लिक के सामने रखा और हमारे हस्तशिल्प कार्य की प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की है। इस जानकारी को साझा करते हुए माननीय राज्यसभा सांसद के निजी सचिव मनीष जांगड़ा ने बताया कि माननीय श्री रामचंद्र जांगड़ा (सांसद, राज्य सभा) विश्वकर्मा समाज के लिए एक प्रेणा श्रोत है और विश्वकर्मा समाज को एकत्रित करके एक नई पहचान दिलाने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं, इस सराहनीय कार्य के लिए विश्वकर्मा समाज की तरफ से भी जांगड़ा जी को तहदिल से समर्थन मिल रहा है।

तेलुगु विश्वकर्मा प्रतिनिधियों के मुताबिक इस एहसान के लिए हम अपने प्रिय नेता श्री रामचंद्र जांगड़ा (संसद सदस्य, राज्य सभा) और श्री वी विश्वनाथन, अध्यक्ष वीएडीएफ को धन्यवाद देते हैं। कार्यक्रम में बॉलीवुड सिने रिपोर्टर (समाचार पत्र) के संपादक व प्रकाशक, फिल्म प्रोड्यूसर एंड डायरेक्टर व नार्थ इंडियन फिल्म एंड टेलीवेशन डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय शास्त्री व वरिष्ठ पत्रकार सतबीर पांचाल आदि उपस्थित रहे। बंगारू बाबू, कोंडामुडी बीजेपी आर्टिसन सेल स्टेट कॉन्विनार।

# पूर्व महापौर स्व.आर.आर.सिंह प्रथम पुण्य स्मरण दिवस पर याद किये गये

**मुंबई-** मुंबई के प्रथम उत्तर भारतीय महापौर,मुंबई कांग्रेस के



पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, मुलुंड के सुनियोजित विकास के सूत्रधार स्व.आर.आर.सिंह के प्रथम स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह,भजन संध्या एवम स्मृति भोज का आयोजन आर.आर.एजुकेशनल ट्रस्ट सभागृह, म्हाडा,मुलुंड पूर्व पर समारोहपूर्वक संपन्न हुआ।

इस अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने हेतु संजय निरुपम(पुर्व अध्यक्ष मुंबई कांग्रेस),रमेश दूबे(पुर्व सांसद), चरण सिंह सप्रा (कार्याध्यक्ष, मुंबई कांग्रेस),राजेश शर्मा(पुर्व उपमहापौर) ,वीरेंद्र बक्षी,शिवकुमार सिंह पटेल (अध्यक्ष मिजार्पुर जिला कांग्रेस कमेटी),मनोज शिंदे(नगरसेवक ठाणे)किलाचंद यादव (अध्यक्ष अ.भा.यादव महासभा),गोविंद सिंह (उपाध्यक्ष मुं.कां) भरत सिंह (प्रवक्ता,म. कां), चंद्रकांत निरभवणे,किशोर मुंडेकल, शिवसेना से राजोल संजय पाटील,प्रमोद धुरी,कन्हैयालाल गुप्ता, गणेश रावत, सत्यवान दलवी(मनसे नेता),भाजपा से पूर्व नगरसेवक प्रकाश गंगाधरे,नंदकुमार वैती,मनीष तिवारी,लालजी सर,भवन निमार्ता रामु वर्मा,हरीश सावला,जतिन ठक्कर, डॉ उमेश यादव,दिनेश जायसवाल, सुनील कांबले(वरिष्ठ पोलिस निरीक्षक, नवघर), समाज सेवी डॉ हरीश सिंह, डॉ एवम एल आर तन्ना,एस.के.सिंह,डॉ.सचिन सिंह,डॉ. आर.एम.पाल,शारदा जगताप,पत्रकार सुकृत खांडेकर, रवि नाईक,अनिल कुमार शुक्ल,नामदार राही,गिरीश यादव, सुशील कुमार पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।







इस अवसर पर दिव्यांग योगेश यादव (विद्यार्थी 12वीं केलकर कालेज) को तिपहिया सायकिल एवम जरूरत मंद विद्यार्थियों को स्कूल युनिफार्म अतिथीयों द्वारा प्रदान किए गये। आयोजन डॉ आर आर सिंह, संचालन डॉ.बाबुलाल सिंह,राजेश इंगले,प्रस्तावना मोहनलाल राज ने रखा। इस अवसर पर स्व.आर.आर.सिंह को याद करते हुए रमेश दुबे,संजय निरुपम, राजेश शर्मा ने कहा कि वे लगातार 7बार मुंबई मनपा में चुने गये।तथा मुंबई के प्रथम उत्तर भारतीय महापौर बनने का इतिहास बनाया।वे खांटी गांधीवादी नेता थे जो ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष से मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष अपनी मेहनत, लगन से बने। इस अवसर पर प्रियंका म्युजिकल ग्रुप द्वारा गीत संगीत मय श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# कभी देश के स्टार्स में शुमार थें, आज दो वक्त की रोटी भी मयस्सर नहीं...

**सागर,** कभी देश के स्टार्स में शुमार थें, आज दो वक्त की रोटी भी मयस्सर नहीं है। 82 साल की उम्र में अब तो मजदूरी करने की भी शक्ति नहीं बची है।

ये भारतीय हॉकी के खिलाड़ी रहे टेकचंद हैं। साल 1961 में जिस भारतीय टीम ने हालैंड को हराकर हॉकी मैच में इतिहास रचा था, टेकचंद उस टीम के अहम खिलाड़ी थे। आज इनकी स्थिति बेहद दयनीय है। हॉकी के जादूगर मेजर #ध्यानचंद के शिष्य और मोहरसिंह जैसे खिलाड़ियों के गुरू आज एक टूटी-फूटी झोपड़ी में रहने को



अभिशप्त हैं। जनप्रतिनिधि से लेकर सरकार तक जिन्हें इनकी कद्र करनी चाहिए, कहीं दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं। हॉकी देश का राष्ट्रीय खेल भी है। शायद इसीलिए सरकार 600 रुपए प्रतिमाह पेंशन देकर इनके ऊपर अहसान कर रही है।

मध्यप्रदेश के सागर में रहने वाले टेकचंद के पत्नी व बच्चे नहीं हैं। भोजन के लिए अपने भाइयों के परिवार पर आश्रित इस अभागे को कभी-कभी #भूखे भी सोना पड़ जाता है। ये उसी देश में रहते हैं, जहां एक बार विधायक- सांसद बन जाने के बाद कई पुश्तों के लिए खजाना और जीवन भर के लिए पेंशन-भत्ता खैरात में मिलता है।

**साभार !**

# जीवन में विभिन्न रास्ते हैं जिनसे हम अपना भविष्य बना सकते हैं - विधायक शैलेष पाण्डेय

**बिलासपुर,** छत्तीसगढ़ नेहरू युवा केंद्र एवं विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी (उपासना एजुकेशन ट्रस्ट) के तत्वावधान में एक दिवसीय करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक शैलेष पाण्डेय थे। उन्होंने जिले के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में विभिन्न रास्ते हैं जिनसे हम अपना भविष्य बना सकते हैं। हमें अपना उद्देश्य लेकर चलना चाहिए कि हमें भविष्य में क्या करना है जिससे हमें कौशल एवं स्वरोजगार प्राप्त हो सके। कौशल प्रशिक्षण हमें आत्मनिर्भर बनाता है जो जीविका चलाने के लिए बेहतर साधन है। साथ ही श्री पाण्डेय ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र बच्चों के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रहा है जिससे बच्चे प्रोत्साहित होकर अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकते हैं।

कार्यशाला में करियर गाइडेंस के रूप में सीजे होरा उपस्थित थे। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से भविष्य में करियर बनाने की जानकारी दी। विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी की सचिव संध्या चंद्रसेन ने संस्था के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे जीडीए नर्सिंग करके अपनी जीविका चला सकते हैं तथा मुर्गी, बकरी पालन करके सिलाई करके स्वरोजगार कर सकते हैं। रोजगार कार्यालय कोनी से अमन मौर्य ने करियर गाइड की भूमिका निभाई। उन्होंने यूपीएसी और सीजीपीएससी में तैयारियों के विषय में जानकारी दी। कार्यशाला में एल्डरमेन काशीराम रात्रे ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला का संचालन नेहरू युवा केंद्र के मोहन लाल सोनी ने किया। संस्था की जानकारी





मनीषा सैमुअल ने दी। कार्यशाला में मिंटू अरोरा, संध्या चंद्रसेन, धनेश रजक, मनस्यू अरोरा, मनीषा सैमुअल, स्नेह गुलशन तिर्की, सुनैना कौशिक, विकास, श्रद्धा, नितेश तथा विद्यार्थीगण मौजूद थे। बच्चों के लिए नर्सिंग का स्वर्णिम अवसर- संध्या चंद्रसेन




संध्या चंद्रसेन

विश्वास सोशल वेलफेयर सोसायटी (उपासना एजुकेशन ट्रस्ट) की सचिव संध्या चंद्रसेन ने बताया कि हमारी संस्था विगत आठ सालों से सेवारत है। इसके अंतर्गत जनरल ड्यूटी असिस्टेंट एवं इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन का कोर्स कौशल प्रशिक्षण के तहत कराया जाता है। संध्या ने बताया कि जो बच्चे बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम का कोर्स अधिक फीस होने की वजह से नहीं कर पाते उनके लिए यह कोर्स सुनहरे अवसर की तरह है।

## भारत की बेटी ने बड़ी उपलब्धि हासिल की

### माधुरी पूणासेन बनी इसरो की वैज्ञानिक इंजीनियर

उत्तर प्रदेश के जनपद अमरोहा के ग्राम अब्बलपुर निवासी अध्यापक श्री मदनपालसेन की बेटी माधुरी पूर्णा सेन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसन्धान संगठन में वैज्ञानिक इंजीनियर के पद चयनित हुआ, माँ भारती और नन्दवंश का नाम रोशन किया. **कदम कदम पर** परिवार की तरफ से हार्दिक शुभेच्छा!






**परम श्रद्धेय गुरुवर श्री छोटेलाल शर्मा जी, प्रधान संपादक हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर को 70वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं,**

**ईश्वर से आपकी लंबी आयु की कामना करता हूं और प्रभु से प्रार्थना करता हूं आने वाले कई वर्षो तक आपकी कलम और वाणी से हम सभी को दिशा मिलती रहें .!**

**जीवन का एक ही नियम रखो, जो भी बोलो, सीधा बोलो, स्पष्ट बोलो, सत्य बोलो और सामने बोलो, इससे आपकी आत्मा पर कभी कोई बोझ नहीं रहेगा!**

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**

**संरक्षक**
जे.पी. शर्मा

**संपादक**
छोटेलाल शर्मा
09819862172

**प्रबंध संपादक**
अनिल शर्मा
09833329721

**उप संपादक**
हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)
राजन शर्मा

**आर्थिक सलाहकार**
सतीशचंद्र गुप्ता

**प्रतिनिधि**
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा

**कानूनी सलाहकार**
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. 9452791570
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. 9833235063
E-mail:kadamkadampar1@gmail.com



**खंडाला ता वैजापूर जिला औरंगाबाद महाराष्ट्र में श्री जबरेश्वर गणपती ट्रस्ट मंडल के श्री जबरेश्वर, गणपती की प्रतिष्ठापना 10-2-23 को विधिपूर्वक हुई।।**




# एपेक्स में डिप्लोमा फार्मेसी का चतुर्थ दीक्षांत समारोह सम्पन्न

**संवाददाता द्वारा**

**मुंबई।** एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी चुनार 2020-21 के चतुर्थ बैच के दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एपेक्स के चेयरमैन डॉ एसके सिंह एवं फार्मेसी इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य प्रो. सुनील मिस्त्री की गरिमामयी उपस्थिति मे विशिष्ट अतिथियों शिक्षाविद श्री सुरेन्द्र सिंह पटेल, प्रो राजेश दुबे, राजकीय पीजी महाविद्यालय, श्री अखिलेश कुमार सिंह, सचिव सीबीएसई एवं प्रधानाचार्य शिवम पब्लिक स्कूल, प्रो प्रशांत कुमार, विश्राम सिंह राजकीय महाविद्यालय, प्रो श्री राम वृक्ष, प्रधानाचार्य पीएनडीटी इंटर कॉलेज, भाजपा महिला मोर्चा की संध्या सिंह द्वारा फेकल्टी, छात्र छात्राओं की उपस्थिति मे दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथियों द्वारा समस्त छत्रों को आशीर्वाद देते हुए प्रावधिक शिक्षा परिषद उत्तरप्रदेश द्वारा फार्मेसी डिप्लोमा अर्जन करने वाले 2020-21 चतुर्थ बैच के छात्रों को उपाधि प्रदान की गई।

एपेक्स के चेयरमैन डॉ एसके सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों द्वारा निरंतर 4 वर्षों से स्थापित किए गए शत-प्रतिशत परिणाम एवं उच्चकोटि के अनुशासन बनाए रखने की प्रशंसा करते हुए, कैम्पस प्लेसमेंट द्वारा रोजगार प्राप्त करने एवं मिजार्पुर, रोबर्ट्सगंज, जौनपुर एवं बिहार की सरकारी सीएचसी, पीएचसी, विभिन्न अर्द्ध-सरकारी, राष्ट्रीय एवं एमएनसी कम्पनियों में कार्यरत 2020-21 बैच के छात्रों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं. दीक्षांत समारोह का संयोजन प्रो आशीष मिश्रा के निर्देशन में सहायक प्रवक्ता अनुराधा साही एवं दीक्षा अग्रहरी द्वारा किया गया।







# मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़े का किया गया आयोजन

**सीखड़,** माह के दूसरे रविवार 12 फरवरी को प्राथमिक




स्वास्थ केन्द सीखड (मगरहा) में मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़े का आयोजन प्रभारीचिकित्साधिकारी डाक्टर निलेश कुमार कुशवाहा के देख रेख में प्रभारी सीडीपीओ कुसुमलता राय के आदेशो का परिपालन करती हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुष्पा देवी, बबुई देवी, सोनी सिंह, माधुरी देवी,साबीती, इसरावती देवी, द्वारा हरे साग सब्जियो मौसमी फलो सहित पोषक तत्वों से भरपूर सामग्रियें का स्टाल लगाते हुए मेले मे आए लाभाथीयो को सेवन करने तथा उसके फायदे के बारे मे जानकारी देती अपने साथ लेकर आए लाभार्थियों का स्वास्थ परिक्षण कराकर उन्हें खान पान साफ सफाई परिवार नियोजन आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉक्टर बिजय, डाक्टर दिपाली , डाक्टर बी,बी सिंह डाक्टर सुरेन्द्र ,आई डाक्टर अजीत सिंह ,डेन्ट हाईजनिस्ट आकांक्षा मिश्रा, सिनियर स्टाप नर्स गरिमा सिंह,एल ए देवेन्द्र प्रसाद, सहित अस्पताल के स्टाप एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

# ग्राम चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**सीखड़,** 10 फरवरी को सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार




को विकास खण्ड के 2 ग्राम पंचायतों मे जन चौपाल का आयोजन कर जन समस्या सुनने के क्रम मे विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कुशहा और ग्राम पंचायत मगरहा मे खण्ड विकास अधिकारी शिव पूजन भारतीया की अध्यक्षता और प्रमुख छत्रपति सत्येन्द्र सिंह की उपस्थिति मे ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल मे आये विभागीय अधिकारियों , कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभाग से संचालित योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा उनसे योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया । खण्ड विकास अधिकारी व प्रमुख द्वारा चौपाल मे आये ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों को पढ़ कर सुनाया गया तथा उनकी शिकायत को सुनकर मौके पर निस्तारण किया गया । ग्राम चौपाल कार्यक्रम मे पशु चिकित्सक डा. वी.के.पटेल, एडीओ पंचायत प्रदीप सिंह, एडीओ सहकारिता राजेश सिंह , एडीओ एजी के.के.सिंह, जेई एमआई उमा शंकर पटेल, एडीओ एस के विनोद शुक्ला, सचिव मुकेश मिश्रा, शिव राम सोनकर , प्रधान महिपाल सिंह, विद्यावती सिंह,प्रधान प्रतिनिधि बंटी सिंह , शिवेन्द्र सिंह, रोजगार सेवक अनिल गौतम बी टी राम सेवक सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी अखिलेश सिंह, आलोक सिंह, राहुल देव रोहित, तकनीकी सहायक प्रदीप कुमार तथा दोनों ग्राम पंचायतों की आंगन बाड़ी कार्यकर्ती आशा कार्यकर्ती , एनम, सफाई कर्मी सहित कृषि विभाग, एन आर एल एम विभाग,बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, पशु खाद्य रसद , पालन विभाग सहित सैकड़ों की संख्या मे ग्रामीण जन दोनों जगहों पर उपस्थित रहे ।

# खेल मंत्री ने किया चुनार प्रिमीयर लीग का शुभारंभ

**सीखड़,** आज सात फरवरी को चुनार विधायक अनुराग सिंह पटेल के अथक प्रयास और चुनार विधानसभा के युवाओं को खेल के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की सोच के साथ लाखों रुपए के लागत से सीखड़ विकासखंड के ग्राम पंचायत मेंडिंया में नवनिर्मित मिनी स्टेडियम में चुनार प्रिमियर लीग का भव्य शुभारंभ प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव द्वारा किया गया। मंत्री का काफिला सुबह करीब 11 बजे अदलपुरा स्थित शीतला माता मंदिर पहुंचा जहां उन्होंने ने माता शीतला का विधी विधान से पूजन किया।

तत्पश्चात वहां से कुछ किलोमीटर दूर स्थित मेंडियां के मिनी स्टेडियम के लिए खेल मंत्री का काफिला पूरे लाव-लश्कर के साथ चला जिसमें क्षेत्र के भाजपा नेताओं का हुजूम भी शामिल रहा। मिनी स्टेडियम पहुंचने पर चुनार विधायक अनुराग सिंह पटेल ने स्टेडियम के गेट पर उनका बुके देकर स्वागत किया और उनको लेकर मंच तक



पहुंचे। इस बीच स्टेडियम में उपस्थित जनसमूह द्वारा लगातार पूर्व में प्रदेश सरकार में अनेकों विभाग के मंत्री रहे ओमप्रकाश सिंह और गिरीश चंद्र यादव के नाम के जयकारे लगाए गए। खेल मंत्री द्वारा वाराणसी की पूर्व मेयर रह चुकी चुनार विधायक की माता स्व सरोज सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात दीप प्रज्जवलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

खेल मंत्री के साथ मंच पर मौजूद रहे चुनार विधायक अनुराग सिंह पटेल, भाजपा काशी प्रांत के उपाध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, सीखड़ ब्लॉक प्रमुख सत्येन्द्र सिंह तथा अन्य संभ्रांत लोग वर्तमान में भाजपा के क्षेत्रीय पदाधिकारियों और पूर्व पदाधिकारियों के द्वारा खेल मंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। आज से शुरू हुई यह चुनार प्रिमियर लीग अगले सात दिनों तक चलेगी। इस अवसर पर मीरजापुर जनपद के भाजपा उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह, चुनार तहसीलदार नुपुर सिंह, भाजपा सीखड़ मंडल अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय, कृपाशंकर चतुर्वेदी मुन्ना सिंह , शिवेंद्र सिंह, किड्डू सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## चुनार विधायक ने ब्लॉक के सुसज्जित सभा कक्ष व प्रमुख कक्ष का किया लोकार्पण

**सीखड़,** आज 6 फरवरी को विकास खण्ड सीखड़ मे राज्य वित्त आयोग के रु.9.80 लाख की धनराशि से सुसज्जित सभा कक्ष व ब्लॉक प्रमुख कक्ष का लोकार्पण माननीय चुनार विधायक अनुराग सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख





छत्रपति सत्येन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम शुभारंभ के पहले मुख्य अतिथि महोदय का ब्लाक परिसर के मुख्य गेट पर प्रभारी सीडीपीओ कुसुमलता राय प्रधान सहायक हरिश्चंद्र मौर्य के कुशल नेतृत्व में परियोजना की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तदुंरुस्त कार्यक्रम के क्रम में विधायक ने पूर्व ब्लाक प्रमुख स्वर्गीय तेज बहादुर सिंह और शहीद स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर सभा कक्ष एवं ब्लाक प्रमुख कक्ष का फीता काट कर मेड़िया नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र के शिला पट्ट का लोकार्पण किया। और विधायक जी ने अपने सम्बोधन में शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी उपस्थित जनसमूह को दिया।

इस अवसर पर बीडीओ के. के.सिंह, मण्डल अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय, ए डी ओ पंचायत प्रदीप सिंह, जे.ई. आर ई डी अरुण राय, जे. ई. एम आई उमा शंकर सिंह, शिवेंद्र सिंह,गज्जर सिंह, दिलिप सिंह, अरववेश सिंह, दिनेश सिंह, हितेश सिंह, प्रधान संदीप सिंह, लिटिल सिंह, विनोद सिंह, कुंजन सरोज, चंद्रबली यादव, महिपाल सिंह, धनंजय मिश्रा, शैलेन्द्र चौबे, धीरज त्रिपाठी डॉ बी,बी सिंह,ग्राम सचिव मुकेश मिश्रा मुकेश पाण्डेय, सतेन्द्र यादव, के,के सिंह शिवराम सोनकर,निशु सिंह समाज कल्याण, सहित सभी विभागों के कर्मचारी तथा प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जशवंत सिंह पूर्व प्रधानाचार्य ने किया।

# भारतीय अनुसंधान केन्द्र वाराणसी के निदेशक द्वारा नवचेतना एफ पीओ पर किया गया भ्रमण

**सीखड़,** भारतीय अनुसंधान संस्थान अदलपुरा वाराणसी के निदेशक श्री तुषार कांत बेहरा जी ने अपने 10 वैज्ञानिकों के साथ नवचेतना एग्रो सेंटर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सीखड़ मिजार्पुर का भ्रमण किया भ्रमण के दौरान केन्द्र पर किए जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रसंसा की तथा उपस्थित सैकड़ों किसानों को सब्जी की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया साथ में भारतीय अनुसंधान संस्थान की तरफ से सहयोग करने के लिए भी कहा , चर्चा के क्रम में निदेशक महोदय ने नवचेतना एग्रो सेंटर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड केंद्र के सीईओ मुकेश कुमार पाण्डेय (सौरभ) से आग्रह किया कि अगर एक समझौता ज्ञापन के रूप में कार्य किया जाए तो किसानों को बहुत लाभ मिलेगा साथ ही साथ उन्होंने बताया कि भारतीय अनुसंधान संस्थान के अंतर्गत इनक्यूबेशन कार्यक्रम में आवेदन करने के लिए कहा।




साथ में नवचेतना एग्रो सेंटर पर बन रहे वर्मी कंपोस्ट उत्पादन की क्षमता तथा मधुमक्खी पालन, स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट की खेती के बारे में जाना इन सभी के इकोनॉमिक्स के बारे में समझा कि किसानों को कैसे अधिक से अधिक लाभ दिलाया जा सके साथ में सब्जियों की खेती के पर काफी जोर दिया सब्जियों की खेती वैज्ञानिक पद्धति से कैसे हो जिससे जैविक खेती को बल मिले इस पर बल दिया।इस मौके पर चंद्रमौली पांडेय, रजनीश उर्फ गुड्डू पांडे अखिलेश त्रिपाठी, मुकेश तिपाठी सहित सैकड़ों किसान भाई उपस्थित रहे।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com